# उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-सूची

-------

मंगलवार, 02 पौष, शक संवत् 1947

(दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 ई0)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न देखिये [नत्थी (क)]।

2-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनाएं।

3-मुख्य मंत्री, गृह पुलिस अनुभाग-7 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड की छत्तीसवीं वार्षिक रिपोर्ट 2022-2023 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395 की उपधारा (1)(बी) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

4-मुख्य मंत्री, गृह पुलिस अनुभाग-7 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड की सैंतीसवीं वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395 की उपधारा (1)(बी) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

5-मुख्य मंत्री, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-7 द्वारा उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-394 की उपधारा (2) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

6-मुख्य मंत्री, भू-तत्व एवं खनिकर्म अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-2605/86-2025 (86-01099/250/2023), दिनांक 29 सितम्बर, 2025 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2025 को खान और

खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (अधिनियम संख्या-67 सन् 1957) की धारा-28 (ख) की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

7-मुख्य मंत्री, भू-तत्व एवं खनिकर्म अनुभाग की अधिसूचना संख्या-1/1162031-2025, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (अधिनियम संख्या-67 सन् 1957) की धारा-28 की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

8-मुख्य मंत्री, भू-तत्व एवं खनिकर्म अनुभाग की अधिसूचना संख्या-1/1133353-2025, दिनांक 05 नवम्बर, 2025 को खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (अधिनियम संख्या-67 सन् 1957) की धारा-28 की उपधारा (3) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

9-श्रम एवं सेवायोजन मंत्री, श्रम अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या-1155/36-2-2024-10(जी)-2017, दिनांक 05 जुलाई, 2024 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) (षष्ठम संशोधन) नियमावली, 2024 को भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 की धारा-62 की उपधारा (4) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

10-नगर विकास मंत्री, नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के क्रिया-कलापों की वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2024-25 को उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड अधिनियम, 2011 की धारा-28 की उपधारा (2) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

11-ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-1 द्वारा यू0पी0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की 43वीं वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा 2022-2023 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395 (1)(बी) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

12-ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-1 द्वारा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का इक्कीसवाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2023-2024 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395(1)(बी) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

13-ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-1 द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ की 20वीं वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395(1)(बी) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

14-ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा अनुभाग-1 द्वारा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मेरठ की 21वीं वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395(1)(बी) की अपेक्षानुसार विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

15-प्राविधिक शिक्षा मंत्री, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-312/ सोलह-1-2024-03(3)-2014, दिनांक 06 फरवरी, 2025 द्वारा प्रख्यापित उत्तर प्रदेश मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर प्रथम परिनियमावली, 2025 को उत्तर प्रदेश मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2013 की धारा-48 की उपधारा (2) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

16-सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनाएं, यदि कोई हों।

17-श्री मो0 ताहिर खान, सदस्य, नियम समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''नियम समिति'' (2025-26) का प्रथम प्रतिवेदन, जो उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 के नियम-269-द(2) एवं नियम-269-छ(2) में संशोधन से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

18-श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का प्रथम प्रतिवेदन, जो सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

19-श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का द्वितीय प्रतिवेदन, जो वन एवं पर्यावरण विभाग से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

20-श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का तृतीय प्रतिवेदन, जो सतर्कता विभाग, सचिवालय प्रशासन विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, संस्कृति विभाग, उद्यान विभाग, वित्त विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, कर निबन्धन विभाग, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, सहकारिता विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

21-श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का चतुर्थ प्रतिवेदन, जो बेसिक शिक्षा विभाग से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

22-श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का पंचम प्रतिवेदन, जो खेल कूद एवं युवा कल्याण विभाग से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

23-श्रीमती अनुपमा जायसवाल, मा0 सदस्य, याचिका समिति, उत्तर प्रदेश 18वीं विधान सभा की ''याचिका समिति'' (2025-26) का छठवां प्रतिवेदन, जो परिवहन विभाग से सम्बन्धित है, प्रस्तुत करेंगी।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

24-सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2025-2026) का प्रथम प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट वर्ष (2004-2005) (वाणिज्यिक) में उल्लिखित उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड से सम्बन्धित प्रस्तरों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

25-सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2025-2026) का द्वितीय प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट वर्ष (2003-2004) (वाणिज्यिक) में उल्लिखित उ0प्र0 राज्य चीनी निगम लिमिटेड से सम्बन्धित प्रस्तरों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

26-सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2025-2026) का तृतीय प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट वर्ष (2017-2018) व (2015-2016) (वाणिज्यिक) में उल्लिखित उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड से सम्बन्धित प्रस्तरों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

27-सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2025-2026) का चतुर्थ प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट वर्ष (2014-2015) (वाणिज्यिक) में उल्लिखित उ0प्र0 वन निगम लिमिटेड से सम्बन्धित प्रस्तरों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

28-सभापति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2025-2026) का पंचम प्रतिवेदन, जो भारत के नियन्त्रक-महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट वर्ष (2007-2008) (वाणिज्यिक) में उल्लिखित उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लिमिटेड से सम्बन्धित प्रस्तरों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

29-सभापति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा-परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-26)'' का प्रथम प्रतिवेदन, जो स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रतिवेदन वर्ष (2004-2005), (2010-2011) में उल्लिखित समाज कल्याण विभाग के प्रान्तीय अनाथालय, महोबा तथा आदि हिन्दू प्रा0वि0 सुरतापुर, चन्दौली से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।)

30-सभापति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-26)'' का द्वितीय प्रतिवेदन, जो स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रतिवेदन वर्ष (2011-2012), (2015-2016) में उल्लिखित सांस्कृतिक कार्य विभाग के अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या, फैजाबाद तथा राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।) 31-सभापति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-26)'' का तृतीय प्रतिवेदन, जो स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रतिवेदन वर्ष (2011-2012) में उल्लिखित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल, लखनऊ से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।) 32-सभापति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-26)'' का चतुर्थ प्रतिवेदन, जो स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रतिवेदन वर्ष (2018-2019) में उल्लिखित आयुष विभाग का उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक बोर्ड, लखनऊ से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।) 33-सभापति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-26)'' का पंचम् प्रतिवेदन, जो स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रतिवेदन वर्ष (2018-2019) में उल्लिखित नगर विकास विभाग के नगर पालिका परिषद्, बहेड़ी, बरेली तथा नगर पालिका परिषद्, बाह, आगरा से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी।) 34-सभापति, उत्तर प्रदेश अट्ठारहवीं विधान सभा की ''प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बन्धी समिति (2025-26)'' का षष्ठम् प्रतिवेदन, जो स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रतिवेदन वर्ष (2017-2018) में उल्लिखित कृषि विपणन विभाग का कृषि उत्पादन मण्डी समिति मवाना, मेरठ से सम्बन्धित ऑडिट आपत्तियों पर आधारित है, को प्रस्तुत करेंगे।

35-विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

36-याचिकाओं का उपस्थापन [देखिये नत्थी (ख)]।

37-नियम-315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा-

माननीय अध्यक्ष, विधान सभा नियम-225 के अन्तर्गत दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 से दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 तक के कार्यक्रम के सम्बन्ध में कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिशों की सूचना सदन को देंगे।

[सिफारिशों की सूचना के लिये देखिये नत्थी (ग)]

38-मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हो।

39-कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

40-मुख्य मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0 के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह,<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', तथा<br>श्री वीरेन्द्र चौधरी। | उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

41-मुख्य मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

42-उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह,<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', तथा<br>श्री वीरेन्द्र चौधरी। | उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

43-उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

44-उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह, तथा<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'। | उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

45-उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

46–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह, तथा<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'। | उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

47–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

48–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह, तथा<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'। | उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

49–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

50–वित्त मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह, | उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| डा0 आर0के0 वर्मा, इंजी0 सचिन यादव, श्री अनिल प्रधान, डा0 मुकेश वर्मा, श्री पंकज पटेल, श्री संदीप पटेल, श्री महेन्द्र नाथ यादव, श्री कमलाकान्त राजभर, श्री जै किशन साहू, श्री वीरेन्द्र कुमार यादव, श्री अतुल प्रधान, श्री बृजेश कठेरिया, श्री तेज प्रताप सिंह, श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', तथा श्री वीरेन्द्र चौधरी। | |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

51-वित्त मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश पेंशन की हकदारी तथा विधिमान्यकरण विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

52-नगर विकास मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय, श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना', श्री कमाल अख्तर, श्री संग्राम सिंह, | उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| डा0 आर0के0 वर्मा, | |
| इंजी0 सचिन यादव, | |
| श्री अनिल प्रधान, | |
| डा0 मुकेश वर्मा, | |
| श्री पंकज पटेल, | |
| श्री संदीप पटेल, | |
| श्री महेन्द्र नाथ यादव, | |
| श्री कमलाकान्त राजभर, | |
| श्री जै किशन साहू, | |
| श्री वीरेन्द्र कुमार यादव, | |
| श्री अतुल प्रधान, | |
| श्री बृजेश कठेरिया, | |
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', | |
| श्री आशु मलिक, | |
| श्री अमिताभ बाजपेई, | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा, | |
| श्री तेज प्रताप सिंह, | |
| श्री गौरव कुमार रावत, तथा | |
| श्री वीरेन्द्र चौधरी। | |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

53-नगर विकास मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

54-चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर (निरसन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह, तथा<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'। | उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर (निरसन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

55-चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश गन्ना उपकर (निरसन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

56-उप मुख्य मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री कमाल अख्तर, | किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर |

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह,<br>श्री रविदास मेहरोत्रा, तथा<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'। | समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

57–उप मुख्य मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

58–औद्योगिक विकास मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना',<br>श्री कमाल अख्तर, | उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के |

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री संग्राम सिंह,<br>डा0 आर0के0 वर्मा,<br>इंजी0 सचिन यादव,<br>श्री अनिल प्रधान,<br>डा0 मुकेश वर्मा,<br>श्री पंकज पटेल,<br>श्री संदीप पटेल,<br>श्री महेन्द्र नाथ यादव,<br>श्री कमलाकान्त राजभर,<br>श्री जै किशन साहू,<br>श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,<br>श्री अतुल प्रधान,<br>श्री बृजेश कठेरिया,<br>श्री तेज प्रताप सिंह,<br>श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', तथा<br>श्री वीरेन्द्र चौधरी। | अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

59-औद्योगिक विकास मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

60-श्रम मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| श्री माता प्रसाद पाण्डेय,<br>श्री कमाल अख्तर,<br>श्री संग्राम सिंह, | उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक |

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| डा0 आर0के0 वर्मा, | माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे। |

इंजी0 सचिन यादव,
श्री अनिल प्रधान,
डा0 मुकेश वर्मा,
श्री पंकज पटेल,
श्री संदीप पटेल,
श्री महेन्द्र नाथ यादव,
श्री कमलाकान्त राजभर,
श्री जै किशन साहू,
श्री वीरेन्द्र कुमार यादव,
श्री अतुल प्रधान,
श्री बृजेश कठेरिया,
श्री तेज प्रताप सिंह, तथा
श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'।

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे।)

61–श्रम मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

62–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

63–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

64–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया जाय।

65–उच्च शिक्षा मंत्री, यह प्रस्ताव करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया जाय।

66-दिनांक 22 दिसम्बर, 2025 को प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025-2026 के अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा।

67-नियम-51 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर ध्यान आकृष्ट करने की सूचनाएं, यदि कोई हों।

लखनऊ :

दिनांक : 23 दिसम्बर, 2025 ई0

आज्ञा से,

**प्रदीप कुमार दुबे,**

प्रमुख सचिव।

-------

तृतीय सत्र, 2025 का प्रथम मंगलवार

**तारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| *1-20 | 07-11-2025 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| 1-86 | 07-11-2025 |
| 87-195 | 10-11-2025 |
| 196 | 02-12-2025 |
| 197 | 12-12-2025 |

# नत्थी (क)

# उत्तर प्रदेश विधान सभा

मंगलवार, 02 पौष, शक संवत् 1947

(दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 ई0)

-----------

(नोट :- प्रश्नकर्ता के नाम के नीचे मुद्रित तिथि प्रश्न की प्राप्ति की तिथि है, प्रश्नों पर कार्यवाही प्राप्ति के क्रम में की गयी है। जिन प्रश्नों में तिथि व्यतिक्रम है, वे स्थानान्तरित प्रश्न हैं।)

## तारांकित प्रश्न

श्री अनिल प्रधान
01-09-2025

ग्राम्य विकास-6

*1-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को एक दिन में कितनी धनराशि मजदूरी के लिए प्रदान की जाती है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए न्यूनतम मजदूरी 700 रुपए प्रतिदिन तथा वार्षिक कार्य दिवस 300 दिन करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री समरपाल सिंह
01-09-2025

बेसिक शिक्षा-5

*2-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत विद्यालयों में सी0बी0एस0ई0 एवं आई0सी0एस0ई0 की तर्ज पर अंग्रेजी भाषा में बच्चों को पढ़ाने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 रागिनी तथा श्री बृजेश कठेरिया 01-09-2025 | *3-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार ने कोई विशेष योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो उसके परिणामस्वरूप छात्र संख्या में कितनी वृद्धि हुई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई, श्री प्रभु नारायण सिंह यादव तथा श्री अखिलेश 01-09-2025 | *4-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियमित रूप से अध्यापकों के रिक्त पदों के सापेक्ष समयबद्ध तरीके से परीक्षा आयोजित कर भर्ती प्रक्रिया को तय समय से पूर्ण किये जाने हेतु सरकार कोई ठोस नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा, श्री तेज प्रताप सिंह तथा श्री कमाल अख्तर 01-09-2025 | *5-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के स्ववित्त पोषित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रबन्धतंत्र द्वारा अभिभावकों से मनमानी शुल्क वसूली की जा रही है ? क्या सरकार द्वारा अभिभावकों को आर्थिक शोषण से बचाने व इन विद्यालयों में शुल्क निर्धारण नियन्त्रण हेतु कोई कार्य योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र नाथ यादव 01-09-2025 | *6-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नये राजकीय इण्टर कालेजों की स्थापना के क्या मानक हैं ? क्या सरकार प्रदेश के सभी जनपदों के ऐसे विकास खण्ड मे जहां जनसंख्या के सापेक्ष राजकीय इण्टर कालेज स्थापित नहीं किये गये हैं, का सर्वेक्षण कराकर नये राजकीय इण्टर कालेज स्थापित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल 01-09-2025 | *7-क्या मुख्य मंत्री बताने कृपा करेंगे कि प्रदेश में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं अभद्र फोटो वीडियो अपलोड की रोक-थाम की कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार उक्त कृत में लिप्त लोगों को चिन्हित कर दण्डात्मक कार्यवाही हेतु कोई नीति बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह (गोपन)-8 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>01-09-2025 | *8-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि चीन राष्ट्र के बने मांझा से 25 मार्च, 2022 से 25 मार्च, 2025 तक प्रदेश में कितने लोग घायल हुए हैं और उसमें से कितनों की मृत्यु हो गई है ? क्या सरकार चीन राष्ट्र से प्रदेश में आने वाले मांझा पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह (पुलिस)-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>01-09-2025 | *9-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बरसात के समय गंगा नदी में अत्यधिक जल आ जाने से गंगा नदी के किनारे वाले हिस्सों में बाढ़ आ जाने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है ? क्या सरकार बतायेगी कि बाढ़ की विभीषिका से आम-जन को बचाने के लिए कोई कार्य योजना प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार को भेजी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>01-09-2025 | *10-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेसिक विद्यालयों में कितने छात्र अध्ययनरत् हैं तथा उक्त हेतु शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने शिक्षकों की नियुक्ति हुई है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के बेसिक विद्यालयों में छात्र-शिक्षकों हेतु कोई अनुपात निश्चित है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>01-09-2025 | *11-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल करने की सरकार की कोई योजना है ? क्या सरकार शिक्षा-मित्रों व अनुदेशकों को मिलने वाले मानदेय को महंगाई के दृष्टिगत बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरमान खान<br>01-09-2025 | *12-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थानीय स्तर पर कितने इलेक्ट्रानिक न्यूज चैनल संचालित हो रहे हैं तथा स्थानीय न्यूज चैनलों पर प्रदर्शित सामग्री के संचालन के लिए शासन/प्रशासन किसी प्रकार की अनुमति/मान्यता प्रदान करता है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या सरकार सभी प्रकार के चैनलों | सूचना-2 |

(स्थानीय) के संचालन के लिए कोई नियमावली बना कर इन प्रतिष्ठित चैनलों के कर्मियों के हितों के संरक्षण हेतु मुफ्त चिकित्सा सुविधा, बीमा व मुफ्त बस यात्रा सुविधा प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री मौ0 फहीम इरफान 01-09-2025 — पंचायती राज-3

*13-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, 2021 में प्रयुक्त होने वाली मतदाता सूचियों में मकानों का क्रम मौके की वास्तविक स्थिति के अनुसार संशोधित करने के उपरान्त ही वार्डों का परिसीमन किया गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त हेतु जारी शासनादेश की प्रति सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उत्तर प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) अधिनियम, 1947 की धारा 18 व 20 के अनुसार आगामी पंचायत चुनाव से पहले त्रि-स्तरीय पंचायत मतदाता सूचियों में उपरोक्त समस्या के निस्तारण हेतु आदेश जारी करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री अतुल प्रधान 01-09-2025 — बेसिक शिक्षा-5

*14-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में प्रारम्भिक शिक्षा का स्तर गिरने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी प्राइमरी पाठशाला एवं जूनियर हाई स्कूल में पढ़ाने हेतु दाखिला नहीं करा रहे हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रदेश में प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर में सुधार हेतु कोई प्रभावी कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 01-09-2025 — बेसिक शिक्षा-3

*15-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न निजी विद्यालयों द्वारा गरीब एवं मध्यम वर्गीय अभिभावकों से अत्यधिक शुल्क वसूलने तथा अन्य प्रकार से शोषण करने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार ने उक्त शिकायतों की जाँच एवं निवारण हेतु क्या विशेष प्रावधान किए गए हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद फिरोजाबाद सहित प्रदेश में कितने निजी विद्यालयों के विरुद्ध अत्यधिक शुल्क वसूलने की शिकायतें दर्ज हुई हैं ? क्या यह सत्य है कि कई विद्यालय गरीब छात्रों को प्रवेश देने में टाल-मटोल करते हैं, जबकि आर0टी0ई0 (राइट टू एजुकेशन) अधिनियम के तहत उन्हें

25% गरीब छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देनी होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार गरीब एवं जरूरतमन्द बच्चों की शिक्षा हेतु एक विशेष मॉनिटरिंग समिति गठित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>01-09-2025 | *16-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न थानों में लाखों चौकीदार अल्प मानदेय पर कार्यरत हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कर्मचारियों के मानदेय बढ़ाने एवं नियमित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-6 |
| श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी<br>01-09-2025 | *17-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में साइबर ठगी और हाईटेक अपराधों के बढ़ने से सरकार परिचित है ? क्या सरकार प्रदेश में साइबर ठगी और हाईटेक अपराध रोकने में पुलिस को विशेष रूप से सक्षम बनाने हेतु कार्य योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(गोपन)-8 |
| श्रीमती पिंकी सिंह<br>01-09-2025 | *18-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून के अन्तर्गत प्राइवेट शिक्षा संस्थानों में गरीब बच्चों को बीते पांच शिक्षा सत्रों में उनके लिए आरक्षित सीटों के सापेक्ष जिलेवार कितने प्रवेश दिए गए ? क्या सरकार चालू शिक्षा सत्र, 2025-26 में गरीबों के लिए आरक्षित शत-प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>01-09-2025 | *19-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ में सेवा प्रदाता के माध्यम से आशुलिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, परिचारक के पदों पर एक ही सेवा प्रदाता, एक ही कार्यालय एवं समान पदों पर कार्यरत कार्मिकों के मानदेय एवं अन्य सुविधाओं में अन्तर है ? यदि हाँ, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार समान पदों पर कार्यरत कार्मिकों को समान कार्य हेतु समान मानदेय एवं सुविधाएं दिलाये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

डॉ0 पल्लवी पटेल 01-09-2025

*20-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।]

------

## अतारांकित प्रश्न

डॉ0 रागिनी 01-09-2025 — गृह(पुलिस)-15

1-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में महिलाओं, पिछड़ा वर्गों और अनुसूचित जाति-जनजाति पर बढ़ते अपराधों को रोकने तथा पीड़ित परिवारों को सहायता और पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अब तक क्या ठोस कदम उठाए हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री महेन्द्र नाथ यादव 01-09-2025 — मुख्य मंत्री कार्यालय-4

2-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गरीब व्यक्तियों के लिए गम्भीर बीमारी के इलाज हेतु बीमारी पर व्यय आकलन की 50 प्रतिशत धनराशि मुख्य मंत्री राहत कोष से उपलब्ध करायी जाती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त धनराशि से गरीबों का पूर्ण इलाज नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार गरीब व्यक्तियों को गम्भीर बीमारी के इलाज हेतु मुख्य मंत्री राहत कोष से बीमारी पर व्यय आकलन की शत-प्रतिशत धनराशि उपलब्ध कराये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री रविदास मेहरोत्रा 01-09-2025 — गृह(पुलिस)-11

3-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में 29 जनवरी, 2025 को मौनी अमावस्या के पर्व पर हुई भगदड़ की घटना में हुई श्रद्धालुओं की मौतों की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच सरकार द्वारा कराई गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जांच रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री ब्रजभूषण राजपूत 02-09-2025 — राजस्व-2

4-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के प्रत्येक गांव में बंजर खलिहान, ग्राम सभा व गोचर के नाम दर्ज भूमि को कब्जा मुक्त कराकर उस जमीन को गौ-आश्रय स्थल में बन्द गायों हेतु हरा चारा उगाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>01-09-2025 | 5-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते अपराध सरकार के संज्ञान में हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए क्या कार्य योजना बनाई है ? क्या सरकार महिला सुरक्षा के लिए राज्य स्तर पर विशेष पुलिस यूनिट या महिला हेल्प डेस्क स्थापित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश में पुलिस की कार्य प्रणाली को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए क्या सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>01-09-2025 | 6-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में जो शिक्षामित्र कार्यरत हैं और शिक्षक बनने की सारी योग्यताएं पूर्ण करते हैं उन शिक्षामित्रों की सेवा, अनुभव तथा योग्यता को देखते हुए स्थाई अध्यापक बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री दुर्गा प्रसाद यादव<br>01-09-2025 | 7-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों के हित हेतु प्रस्तावित आउटसोर्स निगम को सरकार क्रियाशील करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सचिवालय प्रशासन (विविध)-13 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>01-09-2025 | 8-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के ग्राम मामोर की झील से यमुना नदी में पानी छोड़ने हेतु लगाया गया ई0टी0पी0 अपनी पूरी क्षमता पर कार्यशील नहीं है जिसके कारण झील का पानी आस-पास के खेतों में भरने से वहाँ की फसलें लगातार नष्ट हो रही हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार ई0टी0पी0 को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने, उसके संचालन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने तथा किसानों की हो रही क्षति की भरपाई करने हेतु सरकार कोई ठोस कदम उठायेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि अर्थ गंगा योजना में यमुना नदी के घाटों को विकसित करने के लिए तथा कैराना के निकट स्थित यमुना घाट पर श्रद्धालुओं की यमुना नदी में डूबने से हो रही मृत्यु को रोकने के लिए कोई उपाय करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>01-09-2025 | 9-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के जनपद सहारनपुर के ग्राम मवी ककोर से ग्राम भड़ी होते हुए जनपद शामली की सीमा से जनपद सहारनपुर में गंगोह विधान सभा क्षेत्र तक यमुना नदी का तटबन्ध जर्जर अवस्था में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तटबन्ध के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कोई उपाय करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जाहीद<br>01-09-2025 | 10-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद भदोही के डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के बिल्डिंग निर्माण हेतु सरकार धन अवमुक्त करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | न्याय-9 (बजट) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रसन्न कुमार<br>01-09-2025 | 11-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के ग्राम कुड़ाना में भौराकलां मार्ग बिजली घर के सामने से इण्डियन बैंक तक ग्राम में प्रवेश करने का मुख्य मार्ग है जिसकी लम्बाई लगभग 410 मी0 व चौड़ाई 8 मी0 है, क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त हो गया है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा सुदृढ़ीकरण कार्य किसी निश्चित समयावधि में करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास एवं समग्र विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजपाल सिंह बालियान<br>01-09-2025 | 12-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र सं0-क-6 नं0-656869, दिनांक 13-04-2025 जो जनपद मुजफ्फरनगर के तहसील बुढ़ाना में तैनात लेखपाल की आय से अधिक सम्पत्ति की जांच सर्तकता अधिष्ठान से कराये जाने विषयक है, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सतर्कता-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजपाल सिंह बालियान<br>01-09-2025 | 13-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र बुढ़ाना में कल्लरपुर राजवाहे की शाखा लालूखेड़ी-भौराकलाँ पर पुलों का निर्माण कराने में घटिया सामग्री का प्रयोग तथा मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है ? क्या सरकार को जानकारी है कि ग्राम भौराकलाँ में लालूखेड़ी जाने वाले रास्ते के कजारिया टाइल्स के सामने व गांव मुंडपुर में इण्डियन | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

ऑयल पम्प के सामने पुलों का निर्माण नहीं हो रहा है, उक्त के क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त स्थनों पर पुलों का निर्माण कर निर्माणाधीन पुलों में अधोमानक सामग्री के प्रयोग की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया<br>01-09-2025 | 14-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूँ के विधान सभा क्षेत्र दातागंज के विकास खण्ड ओसावा में ऑडिटोरियम के निर्माण की स्वीकृति होने के बाद भी अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ हैं ? क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र दातागंज के विकास खण्ड ओसावा में ऑडिटोरियम का निर्माण कराकर संचालित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | ग्राम्य विकास-2 |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>01-09-2025 | 15-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी स्थित अग्निशमन केन्द्र, बिन्दकी की जर्जर अवस्था एवं आवश्यक आधुनिक उपकरणों की कमी को देखते हुए, उक्त केन्द्र का जीर्णोद्धार कर उसे सभी आवश्यक मशीनरी से सुसज्जित करने का कार्य सरकार पूर्ण करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | गृह(पुलिस)-7 |
| श्री प्रसन्न कुमार<br>01-09-2025 | 16-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली की तहसील ऊन में ग्राम पंचायत भोगी माजरा के ऊन चौसाना मार्ग से ग्राम भोगी माजरा जाने हेतु मार्ग लम्बाई 350 मी0 व चौड़ाई 3.30 मी0/2.5 गट्ठे का रास्ता स्वीकृत है, पर खड़न्जा लगा है व गाँव का मुख्य मार्ग है पर दोनों तरफ के खेत वाले किसानों द्वारा कटान कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, जिससे गाँव में आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार दोनों तरफ मिट्टी डालकर 3.30 मी0 का मार्ग कब्जा मुक्त कराकर रोड का नवनिर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | राजस्व-2 |
| श्री संजीव शर्मा<br>01-09-2025 | 17-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राजस्व अनुभाग-1 के पत्रांक संख्या-सी0एम0 34/एफ-1-07-12-(22)/96-18/रा0-1, दिनांक 06-07-2007 द्वारा किस | राजस्व-1 |

ट्रस्ट की कितनी भूमि विक्रय की अनुमति दी गयी है ? क्या सरकार उक्त के विवरण सहित आदेश की प्रति सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 आर0 के0 पटेल<br>01-09-2025 | 18-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मड़ियाहूँ मे स्वीकृत सभी 5 नलकूपों को स्थापित कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या एमएलए/2142/04/25, दिनाँक 21-07-2025 को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम अचल राजभर<br>01-09-2025 | 19-विधान सभा के द्वितीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार (दिनाँक 12 अगस्त, 2025) हेतु निर्धारित अतांराकित प्रश्न संख्या-88 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला-उन्नाव के ब्लाक असोहा की ग्राम पंचायत कांथा के मोहल्ला रमना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में लगभग 07 वर्ष पूर्व दिवगंत हो चुके मृतक छोटेलाल के नाम सरकारी धनराशि आवंटित कर शासनादेशों को दरकिनार करते हुए श्रीमती फूलकली की निज़ी भूमि खसरा सं0-2288, 2292 पर मृतक छोटेलाल के नाम पर जबरन अवैध शौचालय का निर्माण कराने में दोषी पाये गये सम्बन्धित विभाग के कर्मचारियों को दोषी पाया गया, जिसमें पंचायती राज विभाग को दोषी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर सम्बंधित भूमिधरी पीड़िता को न्याय दिलाये जाने हेतु आदेश दिये गये थे ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बतायेगी कि क्या दोषी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर सम्बन्धित भूमिधरी पीड़िता को न्याय दिलाया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम अचल राजभर<br>01-09-2025 | 20-विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या-87 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-गोण्डा के पुलिस विभाग में नियुक्त आरक्षी कान्स्टेबलों को वित्तीय वर्ष 2021-2022 में दिनांक 09-08-2021, दिनांक 11-08-2021, दिनांक 13-08-2021 एवं दिनांक 16-08-2021 को मुख्यालय | गृह(पुलिस)-10 |

| | | |
|---|---|---|
| | छोड़ने एवं डी0एस0एन0 कालेज, उन्नाव में बी0एड0 की द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने की अनुमति किन शासनादेशों के अन्तर्गत दी गयी थी ? क्या सरकार उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| डॉ0 आर0 के0 पटेल<br>01-09-2025 | 21-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मड़ियाहूँ में स्वीकृत 5 नलकूपों को स्थापित किये जाने हेतु भूमि उपलब्ध होने के बाद जल परीक्षण करा लिया गया है ? यदि हाँ, तो उक्त 5 नलकूप कब तक स्थापित करा दिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |
| | ------ | |
| श्री राम अचल राजभर<br>01-09-2025 | 22-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-66 के उत्तर के क्रम क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत जनपद गोण्डा में 179 कान्सटेबलों को किन-किन शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुमति दी गई थी ? क्या सरकार उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-1 |
| | ------ | |
| श्री राम अचल राजभर<br>01-09-2025 | 23-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>01-09-2025 | 24-विधान सभा के द्वितीय सत्र के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-90 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला-उन्नाव के परगना-झलोतर अजगैन, तहसील-हसनगंज में प्रतिभा जागृति विद्यालय (पछियाँव झलोतर नवाबगंज) के निर्माण में निर्माणकर्ताओं द्वारा किस ग्राम भूमि गाटा संख्या एवं कितने रकबा/क्षेत्रफल पर उक्त विद्यालय का निर्माण कराया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त भूमि उक्त विद्यालय के नाम सरकारी भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ? यदि नहीं, तो उपरोक्त निर्माणाधीन विद्यालय की उक्त भूमि किसके नाम सरकारी भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>01-09-2025 | 25-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>01-09-2025 | 26-क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कृपा करेंगे कि जिला-उन्नाव के ब्लाक असोहा के अन्तर्गत ग्राम राधा नगरी से चेतन गुप्ता के फार्म को जोड़ने वाले क्षतिग्रस्त खड़न्जा सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त है तथा मार्ग के दोनों तरफ जंगली कँटीले बबूल आदि के पेड़ अत्यधिक हो जाने के कारण क्षेत्रीय जनता को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है ? क्या सरकार ग्राम राधा नगरी से ग्राम दऊ के चेतन गुप्ता के फार्म को जोड़ने वाले उक्त क्षतिग्रस्त खड़न्जा सम्पर्क मार्ग के दोनों तरफ से सभी जंगली कँटीले बबूल आदि के पेड़ों को हटवायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>01-09-2025 | 27-विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-93 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद उन्नाव की तहसील-हसनगंज के अन्तर्गत ग्राम पछियांव, परगना झलोतर अजगैन में स्थित भूमि खाता संख्या-333 की गाटा संख्या-787घ, रकबा 0.0130 हे0 एवं रकबा 0.0760 हे0, जो कि संतोष कुमार पुत्र राम भरोसे, नि0 ग्राम सेरसा, परगना-गोरिन्दा परसंदन, तह0 हसनगंज, उन्नाव एवं राधेश्याम पुत्र बुधवा, नि0-पछियांव बंगला नवाबगंज, परगना झलोतर, उन्नाव के नाम सरकारी भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज है ? यदि हां, तो उक्त भूमि पर किन-किन व्यक्तियों के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया है ? क्या सरकार द्वारा उक्त अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>01-09-2025 | 28-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रसन्न कुमार<br>01-09-2025 | 29-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मेरठ के विकास खण्ड किला परीक्षितगढ़ के ग्राम बली में अभिनव विद्यालय में सहायक अध्यापकों के अभाव में विगत् 5 वर्षों से सिर्फ हाई स्कूल तक शिक्षा दी जा रही है, जबकि विद्यालय की मान्यता इण्टर तक होने के बावजूद भी विद्यार्थियों को दूर-दराज के विद्यालयों में जाना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति कर इण्टर तक विद्यार्थियों की शिक्षा सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>01-09-2025 | 30-क्या उपभोक्ता मामले मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम, खाद्य एवं रसद विभाग जनपद झांसी में कार्यरत रहे प्रभारी/प्रबन्धक स्वर्गीय श्री लाखन सिंह चौहान, सेवानिवृत्त सितम्बर वर्ष 2019 का स्वर्गवास 01 जुलाई, 2021 को हुआ, की लम्बित 09 माह की वेतन राशि रु0 3,15,069/-का भुगतान नहीं किया गया है, उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त के बकाया वेतन का भुगतान करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उपभोक्ता मामले-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>01-09-2025 | 31-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में गुरसरांय गरौठा पुनर्गठन पेयजल योजना से जलापूर्ति कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0-क-7 नं0-432697, दिनांक 28 अप्रैल, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास<br>[02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-02 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>02-09-2025 | 32-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 69000 शिक्षक भर्ती घोटाले की सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई की कितने तारीख पर सरकारी अधिवक्ता उपस्थित हुए हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि आगामी तारीख पर सरकारी अधिवक्ता की उपलब्धता कराएगी ? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमाल अख्तर<br>02-09-2025 | 33-क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमरोहा के राजकीय पॉलीटेक्निक कटाई, जोया के निजी भवन में नियमित समय में कक्षाएं चलवाए जाने तथा इसके भवन को हस्तानान्तरण कराए जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या ख-7 न0-495760, दिनांक 12-08-2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>02-09-2025 | 34-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के प्रा0 विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की संख्या कितनी है तथा उन्हें भरने के लिए सरकार द्वारा कोई कदम उठाए जा रहे हैं ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>02-09-2025 | 35-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के राजधानी लखनऊ में आगमन पर मुख्य भवन में सुरक्षा कर्मियों के प्रवेश पर पाबन्दी के कारण उन्हें भवन के बाहर सड़क पर ही समय व्यतीत करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त सुरक्षा कर्मियों के बैठने हेतु हॉल का निर्माण कराये जाने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य सम्पत्ति<br>[01-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-06 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>02-09-2025 | 36-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-84 के उत्तर के क्रम में क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र सफीपुर के अन्तर्गत चकलवंसी में पक्के नाले के निर्माण कराने की वित्तीय संसाधन उपलब्ध करा दिया गया है ? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>02-09-2025 | 37-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा 2025-26 में दिनांक 02-09-2025 तक कितनी नई सड़कों का निर्माण कराया गया है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि प्रत्येक ग्रामों के मार्गों का निर्माण कर सिंगल कनेक्टिविटी तथा डबल | ग्राम्य विकास-7 |

कनेक्टिविटी द्वारा मुख्य मार्ग से जोड़ दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी 02-09-2025 | 38-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |
| श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी 02-09-2025 | 39-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दशकों पूर्व मृत हो चुके व्यक्ति को उसके जीवन में तत्कालीन निर्धारित प्रक्रिया के तहत जिलाधिकारी द्वारा वर्ष 1960 में जारी किया गया पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण-पत्र भी निरस्त करवाया जा सकता है ? यदि हां, तो क्या मृत व्यक्ति के जाति प्रमाण-पत्र को निरस्त करने की वैधानिक प्रक्रिया से सम्बन्धित शासनादेश सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी 02-09-2025 | 40-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कौन-कौन से जनपदों के जल में फ्लोराइड और आर्सेनिक की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है ? क्या सरकार उक्त की रोक-थाम और बचाव के लिए किए गए उपायों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |
| श्री समरपाल सिंह 02-09-2025 | 41-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मंदिर सम्बन्धित विवाद में निर्णय देने का अधिकार सिविल जज जूनियर डिवीजन को है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार को जानकारी है कि जनपद सीतापुर स्थित न्यायालय मुन्सिफ बिसवां जिला सीतापुर दीवानी वाद संख्या-412/92, जो अर्जुनदास बनाम ठाकुरजी से सम्बन्धित दिनांक 08-03-1995 को आदेश हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आदेश पर फर्जी तरीके से मंदिर की भूमि का बैनामा के प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | न्याय-2 (अधीनस्थ न्यायालय) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया<br>02-09-2025 | 42-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूँ के विधान सभा क्षेत्र दातागंज में हर घर जल योजनान्तर्गत कई गांवों को एक ही ओवरहेड टैंक से पानी सप्लाई किया जा रहा है, जबकि कई गांवों के बीच में रामगंगा नदी होने के कारण जलापूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है तथा इस योजना के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र दातागंज में पम्प हाउस तथा चहारदीवारी का निर्माण भी त्रुटिपूर्ण है ? क्या सरकार उक्त की जांच कराकर उक्त कार्य पूर्ण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>02-09-2025 | 43-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उप निरीक्षकों की एक थाने, एक जनपद तथा एक रेंज में तैनाती की अधिकतम निर्धारित समय-सीमा क्या है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र कैराना के अन्तर्गत थानों में तैनात उप निरीक्षकों की नामवार, थानेवार तैनाती का विवरण क्या है एवं कितने उप निरीक्षक निर्धारित अवधि के उपरान्त भी अपने कार्यस्थल पर तैनात होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार समय-सीमा से अधिक की अवधि तक तैनात उप निरीक्षकों का स्थानान्तरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>02-09-2025 | 44-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बन रही पानी की टंकियों में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में कमी, टोंटियों से पानी न आना या टपकना और सड़कों के निर्माण में देरी की जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं को किसी निश्चित समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने हेतु कोई उपाय किए जा रहे हैं ? क्या सरकार जनपद शामली में पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़क किस निश्चित समय-सीमा निर्धारित करके निर्माण कार्य पूर्ण करके तथा निर्माण सामग्री में क्वालिटी कन्ट्रोल के लिए कुल कितने इन्स्पेक्शन किए गए हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>02-09-2025 | 45-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली के नगर पालिका क्षेत्र शामली में मुख्य मार्ग पर वर्मा मार्केट के निकट कनिका काम्पलेक्स में अवैध रूप से 5 से अधिक मसाज पार्लर पुलिस की मिली-भगत से चल रहे हैं, जिसमें मसाज के नाम पर नाबालिग युवतियों के द्वारा जिस्मफरोशी का धन्धा कराया जा रहा है एवं आस-पास के युवकों को गलत संगत में ढकेला जा रहा है ? क्या सरकार जनहित में उक्त संचालित मसाज पार्लरों को बन्द कराकर मसाज पार्लर संचालकों एवं लिप्त पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-3 |
| | ------ | |
| श्री नाहिद हसन<br>02-09-2025 | 46-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्षाकाल में नदियों के तटबन्धों के निकट स्थित ग्रामों की आबादी को बचाने के लिए सरकार की क्या नीति है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान वर्ष की वर्षाकाल में कितनी नदियों के तटबन्धों से कितने गांव प्रभावित हुए हैं ? क्या सरकार प्रभावित गांवों की संख्या, प्रभावित नदियों के नाम एवं जिलों का विवरण तथा वर्षाकाल-2025 में प्रभावित गांवों की आबादी को बचाने के लिए कौन-कौन से उपाय किये हैं, का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार बतायेगी कि कैराना विधान सभा क्षेत्र जनपद शामली में वर्तमान वर्ष की वर्षाकाल में कितने गांवों की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है, प्रभावित गांवों के नाम, आबादी का आँकड़ा एवं क्षति का विवरण क्या है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-2 |
| | ------ | |
| श्री नफीस अहमद<br>02-09-2025 | 47-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड महराजगंज के ग्राम सभा शीतलपुर में पूजन के घर से जगरनाथ सिंह के घर की तरफ पिच रोड की मरम्मत सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण<br>[02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-10 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नफीस अहमद<br>02-09-2025 | 48-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड बिलरियागंज के ग्राम सभा गढ़वल में मुन्ना सिंह के ट्यूबवेल से शेखराज यादव के घर की तरफ पिच रोड मरम्मत कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नफीस अहमद<br>02-09-2025 | 49-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड बिलरियागंज के ग्राम जल्लोपुर में रमेश यादव के घर से जमील के घर की तरफ पिच रोड मरम्मत कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण<br>[02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-09 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नफीस अहमद<br>02-09-2025 | 50-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड महराजगंज के ग्राम देवनपुर में महराजगंज-कप्तानगंज मुख्य मार्ग से पश्चिम देवनपुर में मोती तिवारी के घर की तरफ पिच रोड मरम्मत कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नफीस अहमद<br>02-09-2025 | 51-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विकास खण्ड बिलरियागंज के ग्राम सभा बीबीपुर में शारदा नहर से राम नगीना के घर की तरफ पिच रोड मरम्मत कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल कुमार वर्मा<br>02-09-2025 | 52-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सिद्धार्थनगर के विधान सभा क्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम अगया में कितनी भूमि में बंजर भूमि के रूप में अभिलेखों में दर्ज है तथा उक्त भूमि के सापेक्ष किन-किन लोगों को कौन-कौन सा गाटा संख्या आवंटित किया गया है एवं कितनी भूमि खाली है ? क्या सरकार उक्त ग्राम के बंजर भूमि का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>02-09-2025 | 53-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>02-09-2025 | 54-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2018 में एस0आई0टी0 की जाँच में कितने शिक्षक फर्जी पाये गये, का विवरण सदन के पटल पर रखते हुए वेतन के रूप में दी गयी धनराशि की पूर्णरूप से रिकवरी सरकार करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>02-09-2025 | 55-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 21-08-2025 का (आईजीआरएस सं0-18157250169216), जो कि दिनाँक 08 अप्रैल, 2025 के श्री सतीश कुमार, उप निदेशक (पंचायत), प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा निदेशक पंचायती राज, उ0प्र0 लखनऊ को सम्बोधित पत्र एवं अन्य पत्रों के क्रम में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार में लिप्त कनिष्ठ लिपिक (जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय) द्वारा अनियमित तरीके से आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के विरुद्ध जाँच सतर्कता विभाग या एण्टी करप्शन विभाग से कराये जाने के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सतर्कता-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रवि शर्मा<br>02-09-2025 | 56-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत करोड़ों रुपयों की धनराशि खर्च कर जनपद झाँसी के 385 ग्रामों में दिनांक 02-09-2025 तक आम-जनमानस को पेयजल आपूर्ति सम्भव नहीं हो सकी है, जिस कारण जल माफिया द्वारा पानी के एवज में अवैध वसूली सरकार के संज्ञान में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार आम-जनमानस को हर घर नल योजना के अन्तर्गत पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल कुमार वर्मा<br>02-09-2025 | 57-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमेठी के विधान सभा क्षेत्र जगदीशपुर, तहसील गौरीगंज के अन्तर्गत ग्राम मछरिया में खसरा संख्या-70, 162 तथा 32, 84 चकमार्ग पर अतिक्रमण कर लिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर अतिक्रमण हटाते हुए मार्ग को बनवाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-4 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम अचल राजभर 02-09-2025 | 58-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनाँक 14-08-2025 को (आईजीआरएस सं0-18157250166858), जो कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत जनपद गोण्डा में आरक्षियों के उच्च शिक्षा की परीक्षा में सम्मलित होने के सम्बन्ध में सरकार को गलत सूचना देने वाले सम्बन्धित विभाग के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी 02-09-2025 | 59-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र जहानाबाद के अन्तर्गत विकास खण्ड अमौली में शासकीय कार्यों के निष्पादन हेतु मीटिंग हॉल, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य कार्य विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 नं0-306649, दिनाँक 07-08-2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजपाल सिंह बालियान 02-09-2025 | 60-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र कैराना के विकास खण्ड ऊन के ग्राम पंचायत ढिढाली में कोई भी अन्त्येष्टि स्थल (श्मशान घाट) नहीं होने से ग्रामवासियों को शव का दाह संस्कार करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार ग्राम पंचायत ढिढाली में आर0जी0एस0ए0 व अन्य किसी योजना के अन्तर्गत अन्त्येष्टि स्थल (श्मशान घाट) का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 02-09-2025 | 61-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी की गरौठा विधान सभा क्षेत्र के बामौर, गुरसराय व मोंठ ब्लाक में हर घर नल योजना का कार्य पूर्ण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-453630, दिनांक 02 जून, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 02-09-2025 | 62-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में पारीछा बांध की गुरसराय मुख्य नहर की क्षमता बढ़ाये जाने में कमियों को दूर किये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-466852, दिनांक 21 मई, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत 02-09-2025 | 63-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रत्येक ग्राम में निर्माणाधीन पानी की टंकी से जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन डालने में ग्रामों के मार्गों की खुदाई के उपरान्त उक्त मार्गों की मरम्मत कराने की सरकार की क्या योजना है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम अवतार सिंह सैनी 02-09-2025 | 64-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के नूरपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड नूरपुर एवं बुढ़नपुर की कितनी ग्राम पंचायतों में हर घर जल योजना के अन्तर्गत टंकी (ओवरहैड टैकों) का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है ? क्या सरकार बतायेगी कि विकास खण्डवार कितनी पंचायतों में कार्य पूर्ण हो गया है तथा कितनी पंचायतों में कार्य निर्माणाधीन है और कितनी पंचायतों में कार्य होना लम्बित है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त पंचायतों में पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़क का निर्माण कराया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार विकास खण्डवार ग्राम पंचायतों में सड़को की मरम्मत का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार उक्त कराये गये कार्यों की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत 02-09-2025 | 65-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के वि0ख0 बामौर में ग्राम ठर्रो खमा के पास धसान नदी पर रपटा न होने के कारण लोगों को आवागमन में समस्या होती है ? क्या सरकार धसान नदी पर रपटा का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण [02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-08 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>02-09-2025 | 66-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल में सहायक अध्यापक/प्रधानाध्यापक भर्ती किन कारणों से लम्बित है ? क्या सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करके अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार यह भी बतायेगी की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण विसंगतियों का शिकार हुए अन्य पिछड़े वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>02-09-2025 | 67-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-196 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमेठी के जगदीशपुर के अन्तर्गत राजस्व ग्राम जनापुर चकमार्ग खाता संख्या-4 व 25 पर निरीक्षण में पाया गया था कि स्थल पर अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है, जिस पर मिट्टी/इण्टरलॉकिंग कार्य ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में शामिल कर माह मई, 2025 में पूर्ण कर लिया जाएगा ? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि उक्त चकमार्ग पर मिट्टी/इण्टरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>03-09-2025 | 68-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गाँवों में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के ग्राम प्रहरी/चौकीदारों के वेतन में वृद्धि करने एवं उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>03-09-2025 | 69-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की तहसीलों में लम्बे समय से लम्बित जमीनी विवाद के मामलों को तय समय-सीमा के अन्दर निस्तारण हेतु कोई प्रणाली विकसित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-4 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अतुल प्रधान<br>03-09-2025 | 70-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जिला पंचायतों में कार्यरत कर्मचारी स्थानान्तरण नीति-2025-26 के अन्तर्गत किन-किन अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता, कार्य अधिकारी एवं अवर अभियन्ताओं का स्थानान्तरण किया गया है तथा जिन जनपदों से स्थानान्तरण किया गया है, उनमें उनकी तैनाती किस दिनांक (पूर्व तैनाती जनपद की अवधि) से थी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि कितने अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता, कार्य अधिकारी एवं अवर अभियन्ता एक ही जनपद में 3 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>03-09-2025 | 71-क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड किशनी में निर्मित पॉलीटेक्निक कालेज में सुचारु रूप से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>03-09-2025 | 72-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड किशनी में कटरा समान पर बने सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन पर नियमित सफाई कर्मी व गार्ड न होने के कारण उक्त भवन की देख-भाल के अभाव से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होता जा रहा है ? क्या सरकार उक्त स्थल पर नियमित सफाई कर्मी व गार्ड की नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>03-09-2025 | 73-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-190 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमेठी के जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम दाखिनवारा में चकमार्ग खाता संख्या-1159,1163 व 1165 स्थल पर अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज पर मिट्टी/इण्टरलॉकिंग कार्य ग्राम पंचायत की वर्ष 2025-26 की कार्य योजना में शामिल कर चकमार्ग पर मिट्टी/इण्टरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमाल अख्तर<br>03-09-2025 | 74-क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमरोहा के राजकीय पॉलीटेक्निक कटाई, जोया में भवन का निर्माण पूर्ण न होने के कारण संस्थान संचालित नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार राजकीय पॉलीटेक्निक कटाई, जोया के भवन के अधूरे निर्माण कार्यों को विभागीय बजट से पूर्ण कराने हेतु प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र नाथ यादव<br>03-09-2025 | 75-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-बस्ती के अन्तर्गत ग्राम-बानगढ़ की चकबन्दी कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-8 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>03-09-2025 | 76-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल में सहायक अध्यापक/प्रधानाध्यापक भर्ती किन कारणों से लम्बित है ? क्या सरकार उक्त भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण करके अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण विसंगतियों के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग के 6800 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सरकार प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>03-09-2025 | 77-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के कितने विद्यालयों में दिनांक 03-09-2025 तक स्मार्ट क्लास/डिजिटल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध नहीं हुई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>03-09-2025 | 78-[मा0 आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>03-09-2025 | 79-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के ग्राम पंजीठ, ब्लॉक कैराना स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उच्चीकृत करने के लिए सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-7 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशु मलिक<br>03-09-2025 | 80-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र सहारनपुर देहात के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में से किन-किन विद्यालयों में विद्युतीकरण, स्वच्छ पेयजल, भवन जीर्णोद्धार, फर्नीचर की व्यवस्था, स्मार्ट क्लासेज की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है ? क्या सरकार सहारनपुर देहात के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कराते हुये इनकी मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित अद्यतन रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशु मलिक<br>03-09-2025 | 81-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र सहारनपुर देहात के अन्तर्गत कितने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं तथा कितने विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है ? क्या सरकार सी0एस0आर0 फण्ड के माध्यम से जिलाधिकारी, सहारनपुर की अध्यक्षता में समिति गठित करते हुये सहारनपुर देहात के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण/जीर्णोद्धार कराते हुये स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर तथा स्मार्ट क्लासेज संचालित करायेगी ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशु मलिक<br>03-09-2025 | 82-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन में जनपद सहारनपुर की विधान सभा क्षेत्र सहारनपुर देहात के ग्राम पंचायत पठेड़ (बलिया खेड़ी) ग्राम पंचायत कुतुबपुर कुसानी, ग्राम पंचायत नानका, ग्राम पंचायत फर्मिदा, ग्राम पंचायत रजापुर, ग्राम पंचायत गोकलपुर, ग्राम पंचायत बौंदकी, ग्राम पंचायत सिम्बालकी शेक, ग्राम पंचायत माला होड़ी, ग्राम हरोरा अहतमाल, ग्राम पंचायत कलालहटी, ग्राम पंचायत सकलापुरी, ग्राम पंचायत घुन्ना में जलापूर्ति हेतु बनायी गयी टंकियों एवं निर्माण कार्य में अधोमानक कार्य कराने तथा सड़कों को खोद कर छोड़ दिया गया है ? क्या सरकार उक्त प्रकरण की जांच कराकर स्थानीय जन-प्रतिनिधियों से मन्तव्य प्राप्त करते हुए विसंगतियों का निवारण करके जलापूर्ति करायी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती पिंकी सिंह<br>03-09-2025 | 83-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सम्भल के ब्लॉक पावसा के अन्तर्गत ग्राम कैलादेवी मुजाहिदपुर डिग्री कालेज न होने के कारण छात्राओं को शिक्षा नहीं मिल पा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में डिग्री कॉलेज बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती पिंकी सिंह<br>03-09-2025 | 84-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सम्भल में वर्ष 2024-2025 के अन्तर्गत कितने पीएम श्री विद्यालयों का चयन किया गया है तथा कितनी धनराशि पीएम श्री विद्यालयों में निर्माण व सुविधा हेतु उपभोग की जा चुकी है तथा कितनी उपभोग हेतु शेष बची है ? क्या सरकार देव परिषदीय विद्यालयों को मॉडर्न क्लास में परिवर्तित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>03-09-2025 | 85-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के तहसील ऊन में ग्राम पंचायत भोगी माजरा के ऊन चौसाना मार्ग से ग्राम भोगी माजरा जाने हेतु रास्ता, जिसकी लम्बाई 330 मी0 व चौड़ाई 3.30 मी0 का रास्ता स्वीकृत है, जिस पर खड़न्जा लगा हुआ है, को मार्ग के दोनों तरफ के किसानों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे मार्ग छतिग्रस्त एवं सँकरा हो गया है एवं आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग को कब्जामुक्त कराकर जनहित में नवनिर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>03-09-2025 | 86-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी के नगर पालिका परिषद् मंझनपुर के सिराथू तहसील क्षेत्र के मंगरोही, मंझनपुर, बम्बुरा गांवों में स्थित नहर की चौड़ाई एवं गहराई कितनी निर्धारित है तथा वर्तमान में उक्त की चौड़ाई एवं गहराई क्या है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार बतायेगी कि जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक उक्त नहर में कब-कब पानी छोड़ा गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>03-09-2025 | 87-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-102 के उत्तर के क्रम में क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद पीलीभीत के विधान सभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम जटपुरा में चिन्हित सड़क को ग्राम पंचायत की कार्य योजना वर्ष 2025-26 में शामिल कर एवं तय समय-सीमा में उक्त सड़क का निर्माण करा दिया गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>03-09-2025 | 88-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली के विकास खण्ड काँधला के ग्राम मीमला के खसरा संख्या-479 जिसका क्षेत्रफल 0.6070 हे0 है, जो भूमि शिव मन्दिर व दुर्गा मन्दिर के लिये आवंटित है, जिस पर कुछ दबंगों के द्वारा कब्जा कर भवन का निर्माण कर लिया गया ? क्या सरकार शिव मन्दिर व दुर्गा मन्दिर की भूमि को कब्जा मुक्त करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रसन्न कुमार<br>03-09-2025 | 89-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी के थाना कोतवाली में दिनाँक 21-08-2025 को दर्ज एफ0आई0आर0 सं0-0798 पर दर्ज दोषीगण के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? क्या सरकार उक्त एफ0आई0आर0 पर की गई कार्यवाही का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम अवतार सिंह सैनी<br>03-09-2025 | 90-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर में दिनांक 01-07-2025 से 31-08-2025 तक कितने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक (जूनियर हाई स्कूल) मर्जर/बन्द किये गये हैं और उनमें पंजीकृत छात्रों, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों की कितनी संख्या है ? क्या सरकार मर्जर/बन्द प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक (जूनियर हाई स्कूल) विद्यालयों को पुनः प्रारम्भ करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>03-09-2025 | 91-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 50 छात्र संख्या से कम वाले परिषदीय विद्यालयों | बेसिक शिक्षा-5 |

को बन्द करने के प्रमुख कारण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार उक्त विद्यालयों को धन अभाव में बन्द कर रही है ? क्या सरकार बन्द होने वाले विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों के हितार्थ शुरू की गई नई सुविधाओं को सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री मौ0 फहीम इरफान
03-09-2025

92-क्या अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड कार्यालय लखनऊ में कोई भी नकल लेने अथवा मुआयना करने वाले आवेदकों से विधि/नियम विरुद्ध तरीके से वकालतनामे लिया जाना सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त विधि/नियम विरुद्ध प्रक्रिया पर रोक लगाना सुनिश्चित करेगी ? क्या सरकार इस विधि/नियम विरुद्ध प्रक्रिया अपनाने के लिए दोषी कर्मियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-2

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
03-09-2025

93-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जनपद स्तर पर 01 मुख्य मंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय (प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक) निर्मित किये जाने के उद्देश्य से सर्वोपयुक्त भू-स्थल चिन्हित करने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-453617, दिनांक 02 जून, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

बेसिक शिक्षा-5

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
03-09-2025

94-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी की गरौठा तहसील के नवीन न्यायालय में एक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौ0) के एक पद सृजन कराने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-453622, दिनांक 02 जून, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

न्याय-3 (नियुक्तियां)

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
03-09-2025

95-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी में सहायक अध्यापकों के स्थानान्तरण की जांच कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0-467595,

माध्यमिक शिक्षा-5

| | | |
|---|---|---|
| | दिनांक 19 मई, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा 03-09-2025 | 96-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज की तहसील सोरांव अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरिया की गाटा संख्या-41 जोकि सड़क मार्ग के रूप में दर्ज है, पर अवैध कब्जा है ? क्या सरकार उक्त गाटा संख्या को कब्जा मुक्त कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा 03-09-2025 | 97-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज के थाना नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत जुडापुर, झिनहर उर्फ बरीबोझ नवाबगंज, सराय इस्माइल उर्फ खागलपुर के निवासी राहुल कुमार पटेल पुत्र स्वर्गीय दूधनाथ पटेल की गाटा संख्या-189 व 191 में से 30X70 फिट का बैनामा क्रेता शिवबाबू शुक्ला पुत्र स्वर्गीय त्रिभुवन नाथ शुक्ला को किया था, जिस पर क्रेता द्वारा राजस्व अभिलेखों में कूट रचना करके विक्रेता के सम्पूर्ण भूमि में 1/3 का हिस्सेदार बनके अवैध कब्जा कर लिया गया है ? क्या सरकार विक्रेता द्वारा विक्रय की गई भूमि के अतिरिक्त भूमि से अवैध कब्जेदारों को हटाकर उन पर वैधानिक कार्रवाई करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई 04-09-2025 | 98-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अविवादित विरासत के लम्बित मामलों का निस्तारण किये जाने हेतु सरकार कोई नवीन कार्य प्रणाली विकसित किये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई 04-09-2025 | 99-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की तहसील जसराना के विकास खण्डों में अधिकारियों के पदनामवार स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर भर्ती करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>04-09-2025 | 100-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>04-09-2025 | 101-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सोशल मीडिया पर फर्जी, भ्रामक एवं अश्लील सामग्री को नियंत्रित करने हेतु नियम एवं विनियम बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(गोपन)-8 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>04-09-2025 | 102-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर की विधान सभा क्षेत्र चाँदपुर के विभिन्न ग्रामों एवं शहरों की आबादी, जो जल जीवन मिशन से नहीं जुड़ पाये उन्हें शुद्व जल उपलब्ध कराने हेतु इण्डिया मार्का हैण्डपम्प स्थापित कराये जाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>04-09-2025 | 103-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ट्रैफिक जाम का प्रमुख कारण बन चुके ऑटो एवं ई-रिक्शा के सुचारु संचालन हेतु कोई ठोस नीति बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>04-09-2025 | 104-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्कूल पेयरिंग मॉडल के तहत जनपदवार कितने विद्यालयों का विलय किया जा चुका है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त योजना के अन्तर्गत विलय किये गये विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापकों को कैसे समायोजित किया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>04-09-2025 | 105-विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-19 के उत्तर के क्रम में क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद उन्नाव के विकास खण्ड मियागंज के ग्राम पंचायत नुरुल्लनगर में की शिकायत के निरीक्षण में वर्तमान प्रधान, ग्राम पंचायत नुरुल्लनगर के वित्तीय/प्रशासनिक अधिकारियों की अनियमितता में जांच आख्या के अनुसार उक्त पर अब | पंचायती राज-1 |

| | | |
|---|---|---|
| | तक क्या कार्यवाही की गई ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>04-09-2025 | 106-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समुचित विकास के कार्यों के लिए त्वरित आर्थिक विकास निधि के अन्तर्गत सदस्यों के प्रस्ताव के चयन की प्रक्रिया क्या है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नियोजन<br>[01-शुक्रवार के अतारांकित प्र0सं0-95 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>04-09-2025 | 107-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते अपराधों, खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा में पुलिस बल की कमी के कारण अपराधों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है ? यदि हाँ, तो रिक्त पुलिस पदों को भरने के लिए सरकार की क्या योजना है ? क्या सरकार महिला सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस गश्त एवं हेल्पलाइन सेवा की योजना लागू करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-15 |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>04-09-2025 | 108-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ई0डब्लू0एस0 प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए औसतन कितने दिन का समय निर्धारित किया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद फिरोजाबाद में निर्धारित समय-सीमा के भीतर ई0डब्लू0एस0 प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं ? यदि हां, तो उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| श्री सर्वेश सिंह<br>04-09-2025 | 109-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पति की मृत्यु उपरान्त महिलाओं को राष्ट्रीय पारिवारिक योजना में मिलने वाली धनराशि को बढ़ती महंगाई के दृष्टिगत दुगुना कराए जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण<br>[01-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-04 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>04-09-2025 | 110-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त निजी एवं सरकारी महाविद्यालयों में खेल प्रशिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा उक्त पदों के सापेक्ष | उच्च शिक्षा-2 |

कितने खेल प्रशिक्षक तैनात हैं ? क्या सरकार खेल प्रशिक्षकों के शत-प्रतिशत पदों पर नियुक्तियां सुनिश्चित कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>04-09-2025 | 111-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में ग्राम सुहवल में मेन रोड से सुहवल बस्ती तक सड़क मार्ग जर्जर एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण/मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>04-09-2025 | 112-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में बड़हलगंज बाज़ार चौक से सरकारी अस्पताल तक मार्ग जर्जर एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>04-09-2025 | 113-क्या उप मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के तहसील ऊन में ग्राम पंचायत भोगी माजरा के ऊन चौसाना मार्ग से ग्राम भोगी माजरा जाने हेतु मार्ग जिसकी लम्बाई 330 मी0 व चौड़ाई 3.30 मी0 का रास्ता स्वीकृत है, जिस पर खड़न्जा लगा हुआ है तथा उपरोक्त मार्ग के दोनों तरफ किसानों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे मार्ग क्षतिग्रस्त एवं संकरा हो गया है ? क्या सरकार उक्त मार्ग को दोनों तरफ से कब्जामुक्त कराकर जनहित में नव-निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>04-09-2025 | 114-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमरोहा के अन्तर्गत ग्राम-हसनपुर, जियल में संचालित राजकीय इण्टर कॉलेज मे अध्यापक न होने के कारण बच्चों का पठन-पाठन बाधित होता है ? क्या सरकार बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए उक्त विद्यालय में | माध्यमिक शिक्षा-2 |

मानकानुसार अध्यापकों व अन्य स्टाफ की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>04-09-2025 | 115-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी के अन्तर्गत राजकीय गंगा सिंह इण्टर कॉलेज, चरखारी में अध्यापकों की कमी को पूरा करने हेतु सरकार अध्यापकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>04-09-2025 | 116-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अपने खेतों की रखवाली कर रहे किसानों की अन्ना पशुओं से दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक किसान परिवार के सदस्यों को 25 लाख रुपए तक तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-11 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>04-09-2025 | 117-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि, अनावृष्टि, अतिवृष्टि आदि दैवी आपदाओं के कारण किसानों की विभिन्न फसलों की आकस्मिक हानि होने की जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि उक्त हानि के सापेक्ष चिन्हित किसानों को प्रतिवर्ष मुआवजा देने की कोई योजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त हेतु कोई योजना लागू करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-11 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>04-09-2025 | 118-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद व तहसील झांसी के ब्लाक बबीना के मौजा हंसारीगिर्द में स्थित खसरा/गाटा सं0-1151/1 रकबा 0.607 हेक्टेयर पर कब्जा दिलाये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-458048, दिनांक 21 मई, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां तो, उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>04-09-2025 | 119-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि झाँसी मण्डल के माध्यमिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2007 में 08 अध्यापकों की फर्जी नियुक्ति कर राजकोष से उन्हें वेतन भुगतान किये जाने में दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-466856, दिनांक 21 मई, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां तो, उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>04-09-2025 | 120-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में बेतवा नदी पर खिरिया घाट के रपटा के स्थान पर पुल का निर्माण कराये जाने हेतु शासन द्वारा सेतु निगम को 55 करोड़ रुपये की स्वीकृत धनराशि के उपरान्त काम धीरे करने एवं कभी-कभी काम रुकने के निराकरण विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 सं0-458047, दिनांक 19 मई, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण [02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-06 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>04-09-2025 | 121-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के ग्राम बरथा कायस्थ से तड़फवा मार्ग पर ग्राम दभेड़ा में बुढ़ी यमुना में रपटा न होने से वहां के ग्रामीणों को वर्षा काल में आवागमन में होने वाली समस्या से सरकार अवगत है ? क्या सरकार उक्त मार्ग पर रपटा पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण [02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-07 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>04-09-2025 | 122-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र गैंसड़ी के ग्राम पंचायत गनवरिया कला में राजस्व ग्राम भुजवाडीह विस्मिल्ला के खेत से गनी के खेत से होते हुये राजस्व ग्राम देवीसाईडीह मस्जिद तक का सम्पर्क मार्ग कच्चा है एवं बरसात के दिनों में आम जन-मानस को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार जनहित को ध्यान में रखते हुये उक्त सम्पर्क मार्ग का | पंचायती राज-2 |

डामरीकरण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ?

------

श्री नाहिद हसन 04-09-2025

123-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के ग्राम पंजीठ, ब्लॉक कैराना स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में उच्चीकृत करने के लिए सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

माध्यमिक शिक्षा-7

------

श्री समरपाल सिंह 04-09-2025

124-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र नौगांवा सादात के अन्तर्गत ब्लाक न होने के कारण क्षेत्र के लोगों को क्षेत्रीय कार्यों के निष्पादन कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार तहसील नौगांवा सादात में ब्लाक बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ग्राम्य विकास-2

------

श्री अनिल प्रधान 04-09-2025

125-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के खण्ड शिक्षाधिकारियों को शिक्षा सम्वर्ग समूह-ख के पदों पर पूर्व निर्धारित कोटा 17 प्रतिशत को बढ़ाकर असंवैधानिक रूप से 34 प्रतिशत करने का मामला सरकार के संज्ञान में है ? क्या सरकार उक्त प्रकरण में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के हितों और पदोन्नति को ध्यान में रखते हुए खण्ड शिक्षाधिकारियों का कोटा पूर्व की भांति 17 प्रतिशत ही रखने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि विगत 14 वर्षों से एल टी ग्रेड के शिक्षकों की पदोन्नति प्रवक्ता के पद पर नहीं की गई है ? यदि हां, तो उक्त के क्या कारण है ? क्या सरकार पदोन्नति प्रक्रिया प्रारम्भ कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

माध्यमिक शिक्षा-2

| | | |
|---|---|---|
| श्री लकी यादव<br>04-09-2025 | 126-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर की विधान सभा क्षेत्र मल्हनी विकास खण्ड बक्शा के ग्राम सभा वरेपट्टी के अन्तर्गत अलाऊ की दुकान से वरेपट्टी मार्ग लम्बाई लगभग 600 मी0 जर्जर एवं गड्ढायुक्त है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण<br>[02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-03 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| श्री लकी यादव<br>04-09-2025 | 127-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर की विधान सभा क्षेत्र मल्हनी के ग्राम सभा-मई, नेपाल नगर इण्टर कॉलेज से वैजारामपुर बाजार तक जाने वाली सड़क जर्जर होने के कारण आम-जन को आवागमन में असुविधा हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्ग के निर्माण/मरम्मत कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण<br>[02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-04 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>04-09-2025 | 128-[बहुत ब्यौरे की जानकारी होने के आधार पर निरस्त।]<br>------ | |
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>04-09-2025 | 129-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 26-08-2025 आई0जी0आर0एस0 संख्या-18194250172191 जो कि जिला-जौनपुर के विकास खण्ड खुटहन के ग्राम पंचायत भागमलपुर में की गयी अनियमितताओं की जांच के सम्बन्ध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | पंचायती राज-1 |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>05-09-2025 | 130-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 में तहसीलवार कुल कितनी ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा तय लक्ष्य के सापेक्ष तहसीलवार कुल कितनी ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाये जाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>05-09-2025 | 131-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में एल0टी0 ग्रेड अध्यापकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पद रिक्त है ? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>05-09-2025 | 132-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र सगड़ी अन्तर्गत विकास खण्ड अजमतगढ़ एवं विकास खण्ड हर्रैया में आने वाली ग्राम सभाओं में गरीबों को आवास दिलाये जाने की कितने लाभार्थियों की सूची बनायी गयी है तथा उसमें कितने लाभार्थियों को आवास उपलब्ध करा दिया गया है तथा वर्तमान में कितने शेष हैं ? क्या सरकार शेष पात्र गरीबों की नयी सूची बनाकर आवास उपलब्ध करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>05-09-2025 | 133-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे मजदूरों की मेहनताना राशि का भुगतान तय समय-सीमा के अंदर किये जाने हेतु कोई ठोस नीति बनाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>05-09-2025 | 134-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा एडेड कालेजों में वर्तमान में टी0जी0टी0 एवं पी0जी0टी0 शिक्षकों के कुल कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>05-09-2025 | 135-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-फेज 02 के तहत प्रदेश के कितने जनपदों में मल व गीले कचरे के निस्तारण हेतु ट्रीटमेन्ट प्लांट लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा जनपदवार किन-किन स्थानों पर मल व गीले कचरे के निस्तारण हेतु ट्रीटमेन्ट प्लांट स्थापित किये जा चुके है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी 05-09-2025 | 136-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के अन्तर्गत हरचंदपुर विधान सभा क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु के दौरान बार-बार लगने वाली आग से किसानों की फसलें नष्ट हो जाती हैं तथा जन-धन की क्षति भी होती है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र की स्थापना करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-8 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया 05-09-2025 | 137-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के कार्यालय उप जिलाधिकारी लालगंज रायबरेली के पत्रांक 1166/एसटी-एसडीएम-जांच/2025, दिनांक 17 जुलाई, 2025 पत्र में गाटा संख्या-713 ग्राम-हथनासा, परगना-सरेनी, तहसील-लालगंज, जनपद-रायबरेली राजस्व के अभिलेखों में चक मार्ग दर्ज का उल्लेख है ? यदि हां, तो क्या सरकार को जानकारी है कि मार्ग पर अवैध कब्जा कर लिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चक मार्ग को अवैध कब्जा से मुक्त कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी 05-09-2025 | 138-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली की विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर के विभिन्न ग्रामों एवं शहर की आबादी जो जल जीवन मिशन से वंचित रह गए हैं, उन्हें इंडिया मार्का हैंडपम्प से आच्छादित कराए जाने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी 05-09-2025 | 139-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली की विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर में ग्राम पंचायत कंडौरा के ग्राम पुर बख्तावर में रमेश कुमार के घर से बांकेलाल के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य मानक के अनुरूप नहीं होने से जलमग्न होने के कारण आम-जनमानस को आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत की इंटरलॉकिंग के बीच में नाली का निर्माण कराकर जल भराव से मुक्त कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी<br>05-09-2025 | 140-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर में जिन स्थानों/मजरों में अभी तक हर-घर जल योजना की सप्लाई चालू नहीं हुई है, उन मजरों में सरकार द्वारा पानी उपलब्ध कराने के लिए कोई इंतजाम किए गए हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे मजरों को चिन्हित कर योजना पूर्ण होने तक पानी पहुंचाने की अस्थाई व्यवस्था करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>05-09-2025 | 141-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में लघु सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में कराए गए कार्यों की योजनावार, कार्यदायी फर्म एवं स्वीकृत धनराशि का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>05-09-2025 | 142-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र की भांति आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई0डब्लू0एस0) प्रमाण-पत्र को भी पूर्णतः ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जारी करेगी ? यदि हाँ, तो क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इसके लिए ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर कोई तकनीकी संशोधन अथवा प्रक्रिया सरलीकरण प्रस्तावित किया गया है ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? | राजस्व-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>05-09-2025 | 143-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्षा काल में बाढ़ से हुई फसलों के नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा निर्धारण की दर एवं आधार क्या है ? क्या सरकार गोभी, मिर्च, मुंजी अथवा अन्य किस्म की फसलों के वास्तविक नुकसान के आधार पर ही किसानों को मुआवजा वितरित करेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद शामली एवं जनपद सहारनपुर के अन्तर्गत ब्लॉकवार बाढ़ प्रभावित किसानों को अब तक कितना मुआवजा वितरित किया गया है तथा कितने किसानों को अभी तक लाभ नहीं मिल पाया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-10 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>05-09-2025 | 144-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली में नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत कैराना के पास यमुना नदी में पानी छोड़ने हेतु निर्मित एस0टी0पी0 की क्षमता अपर्याप्त होने के कारण आस-पास के खेतों में पानी इकट्ठा हो जाता है ? क्या सरकार उक्त एस0टी0पी0 की क्षमता बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम उठायेगी तथा वर्तमान में कार्यरत एस0टी0पी0 के संचालन की नियमित मॉनिटरिंग, उसे पूरी क्षमता से चलाने के लिए सरकार कोई उपाय करेगी ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी<br>05-09-2025 | 145-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या जनपद हाथरस के विकास खण्ड सादाबाद में ग्राम पंचायत ताजपुर में प्राथमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों को कम्पोजिट किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार को जानकारी है कि कम्पोजिट होने के कारण छात्रों को प्रार्थना व मिड-डे-मील में एक से दूसरे परिसर में आने-जाने में समस्या होती है ? क्या सरकार उक्त के निराकरण हेतु पूर्व की भांति दोनों विद्यालयों को अलग कर संचालन करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी<br>05-09-2025 | 146-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के विकास खण्ड सादाबाद की ग्राम पंचायत बहादुरपुर भूप की राजस्व भूमि पर स्थित ग्राम महावतपुर को किसी अन्य पंचायत में सम्मिलित किया गया है ? यदि हां, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त मजरा (महावतपुर) को पूर्व की भांति ग्राम पंचायत बहादुरपुर भूप में सम्मिलित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी<br>05-09-2025 | 147-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के विकास खण्ड बड़ौत में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज अंगदपुर में शिक्षकों की कमी होने के कारण छात्रों की पढ़ाई सुचारु रूप से नहीं हो पा रही है ? क्या सरकार उक्त कॉलेज में शिक्षकों की संख्या मानकानुसार बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी 05-09-2025 | 148-क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के विकास खण्ड बड़ौत के ग्राम अंगदपुर स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज अंगदपुर में सी0सी0टी0वी0 कैमरे सरकार लगवायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | माध्यमिक शिक्षा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रवि शर्मा 05-09-2025 | 149-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत 200 से अधिक गांवों में अब तक पानी नहीं पहुंच सका है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजना की समय-सीमा निर्धारित कर पूर्ण कराने हेतु ठोस कदम उठाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत 05-09-2025 | 150-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र चरखारी के प्रत्येक ग्राम पंचायत में बारातघर, बारातशाला बनाने हेतु सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह 05-09-2025 | 151-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में कटोरा बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग से बम्बा की बगल भांडरी, जहांगीरपुर होते हुए आगे नगला मीर सम्पर्क मार्ग तक जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़क का नव निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान 05-09-2025 | 152-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अनिवार्य शिक्षा कानून के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों पर नियंत्रण हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों की कोई कारगर भूमिका निर्धारित की गई है ? यदि हां, तो उक्त का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? क्या सरकार बताएगी कि परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष पद पर किसकी तैनाती किये जाने का प्रावधान है ? क्या उक्त समिति का अध्यक्ष पूर्व की भांति ग्राम प्रधान को बनाना सरकार सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>06-09-2025 | 153-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी जिलों में संचालित परिषदीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के पढ़ने हेतु पुस्तकें उपलब्ध कराये जाने की तय समय-सीमा क्या है तथा वर्तमान सत्र में परिषदीय विद्यालयों में पुस्तकें जनपदवार कब तक उपलब्ध करायी गयी हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि पुस्तकों की उपलब्धता तय समय-सीमा के अन्दर ना होने के लिये कौन जिम्मेदार है तथा उक्त में विलम्ब के दोषियों के खिलाफ़ कोई कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | बेसिक शिक्षा-3 |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>06-09-2025 | 154-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जर्जर परिषदीय विद्यालयों में संचालित कक्षाओं को बंद कर नये भवनों का निर्माण होने तक वैकल्पिक शैक्षिक भवनों की व्यवस्था किये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | बेसिक शिक्षा-5 |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>06-09-2025 | 155-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में जनपदवार साइबर क्राइम से सम्बन्धित कितने साइबर अपराध थानों में पंजीकृत हुये तथा उनमे से कितने ऑनलाइन ठगी का शिकार हुये लोगों की धनराशि वापस प्राप्त हुयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | गृह (गोपन)-8 |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>06-09-2025 | 156-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विगत 08 वित्तीय वर्षों में गोमती नदी को निर्मल एवं अविरल बनाये जाने की दिशा में किन-किन योजनाओं के तहत वर्षवार कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि गोमती नदी में कितने नालों का पानी बगैर ट्रीटमेन्ट के छोड़ा जा रहा है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-2 |

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>06-09-2025 | 157-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किन-किन जिलों में कितने सीएम कम्पोजिट विद्यालय स्थापित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है एवं किन जिलों में स्थापित किये जा चुके हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि लक्ष्य के सापेक्ष कितनी धनराशि स्वीकृत की गई एवं उक्त के सापेक्ष कितनी धनराशि व्यय की गयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी<br>06-09-2025 | 158-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली में मीडिया के लिए मण्डल स्तरीय सरकारी प्रेस/क्लब मीडिया केन्द्र बनाने की कोई योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सूचना-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>06-09-2025 | 159-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चांदपुर में बालिकाओं की शिक्षा के लिए शहर चांदपुर में राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज खोलने की योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू<br>06-09-2025 | 160-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के क्षेत्र दीदारगंज के तहसील मार्टीनगंज में राजकीय बालिका/बालक महाविद्यालय नहीं है ? क्या सरकार जनहित में उक्त क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू<br>06-09-2025 | 161-क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के वि0स0 क्षेत्र दीदारगंज में कोई भी राजकीय तकनीकी विद्यालय स्थापित नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विधान सभा में तकनीकी विद्यालय अधिष्ठापित करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्राविधिक शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>06-09-2025 | 162-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में पंचायती राज विभाग द्वारा 1 अप्रैल, | पंचायती राज-3 |

2022 से 31 अगस्त, 2025 तक कितने श्मशान घाट एवं पंचायत घर बनाए गए ? क्या सरकार प्रस्तावित करने वाले जनप्रतिनिधि का नाम, पद एवं किस स्थान पर बनाए गए सहित सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>06-09-2025 | 163-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के दोहरीघाट मुख्य नहर परियोजना से नहरों की टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है ? क्या सरकार दोहरीघाट मुख्य नहर परियोजना से जुड़े पशुहारी अवायां (पिपरौल) माइनर व पशुहारी तिरनई माइनर को दोहरीघाट सहायक परियोजना से जोड़ने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई एवं जल संसाधन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>06-09-2025 | 164-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नगर निकायों की सीमा-विस्तार के बाद ग्रामीण क्षेत्र से नगर क्षेत्र में आए परिषदीय विद्यालयों की श्रेणी किसी निश्चित अवधि तक बदलने हेतु कोई उपाय किया गया है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष विगत पांच वर्षों में उक्त रिक्त पदों पर भर्ती का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>06-09-2025 | 165-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्तमान वर्षाकाल में प्रदेश में कुल कितने मकान वर्षा के कारण गिरे हैं तथा प्रभावित मकान स्वामियों को कुल कितना मुआवजा दिया गया है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद शामली व सहारनपुर में ऐसे कुल कितने प्रकरणों में मुआवजा दिया गया है ? क्या सरकार उक्त मुआवजे का ब्लॉकवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>06-09-2025 | 166-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के ग्राम नारायणपुर, ब्लॉक नकुड़ में बुढ़ी यमुना नदी में सिल्ट जमा होने से नदियों का पानी ग्रामीण | सिंचाई एवं जल संसाधन-2 |

| | | |
|---|---|---|
| | आबादी में घुसने से आम-जनमानस को समस्या होती है ? क्या सरकार उपरोक्त नदी की सिल्ट सफाई की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री नाहिद हसन<br>06-09-2025 | 167-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के ग्राम राझड़ में राझड़-खेड़ी रोड पर श्मशान से जोहड़ तक नाला निर्माण कार्य सरकार करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>06-09-2025 | 168-क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि आई0जी0आर0एस0 संख्या-18000240185996 जोकि जनपद अयोध्या सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा जारी टी0एनं0-316-अयोध्या की स्थलीय जांच उप जिलाधिकारी रुदौली, जिला अयोध्या से कराकर उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, लखनऊ को अतिशीघ्र अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में है, पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ-2 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>06-09-2025 | 169-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग, गोमतीनगर, लखनऊ में आर0टी0आई0 आवेदक, अपीलकर्ता, शिकायतकर्ता के वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार पार्किंग की व्यवस्था कराये जाने हेतु आदेश/निर्देश करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रशासनिक सुधार [01-शुक्रवार के अतारांकित प्र0सं0-93 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| | ------ | |
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी<br>08-09-2025 | 170-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर में 22 अप्रैल, 2022 से 21 मार्च, 2025 में किन-किन मार्गों का निर्माण कराया गया एवं जिला पंचायत में कौन-कौन से मार्ग हैं ? क्या सरकार पंचायती राज विभाग द्वारा 22 अप्रैल, 2022 से 21 मार्च, 2025 में निर्मित मार्गों की गुणवत्ता एवं मानकों की जांच कराएगी ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>06-09-2025 | 171-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद उन्नाव की तहसील बीघापुर की ग्राम पंचायत लखमदेमऊ की गाटा संख्या-719/0.751 हे0 भूमि वर्तमान में अभिलेखों में किसके नाम दर्ज है और कृषि कार्य करने के लिए वैधानिक अधिकार किसे प्राप्त है तथा उक्त भूमि पर 2024 से दिनांक 06-09-2025 तक कृषि कार्य कौन कर रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रश्नगत भूमि पर कृषि कार्य व अन्य कोई कार्य करने हेतु प्रतिबंधित की गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा संगत धाराओं के अन्तर्गत दिए गए आदेश की प्रति सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>06-09-2025 | 172-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के विकास खण्ड गोसाईं गंज के प्राथमिक विद्यालय, टिकरा जुगराज में जबरन त्याग-पत्र लेकर हटाए गए शिक्षा मित्रों को पुनः सेवा में लिए जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 संख्या-467580, दिनांक 18 अगस्त, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |
| | ------ | |
| श्री प्रदीप कुमार सिंह उर्फ गुड्डू चौधरी<br>06-09-2025 | 173-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हाथरस के विकास खण्ड मुरसान की ग्राम पंचायत महमूदपुर जाटान के माजरा नगरिया में बारातघर की व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम नगरिया में एक बारातघर निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |
| | ------ | |
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>06-09-2025 | 174-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अपने खेतों की रखवाली कर रहे किसानों की अन्ना पशुओं से दुर्घटना में मृत्यु पर मृतक किसान परिवार के सदस्यों को 25 लाख रुपए तक तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-11 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>06-09-2025 | 175-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया अन्तर्गत वितीय वर्ष 2022-2023 से दिनांक 06-09-2025 तक कितने | सिंचाई एवं जल संसाधन-10 |

राजकीय नलकूप लगाए जाने का लक्ष्य था तथा किन-किन गांवों में नये राजकीय नलकूप लगाए गए हैं ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>07-09-2025 | 176-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग, गोमतीनगर, लखनऊ में आर0टी0आई0 आवेदक, अपीलकर्ता, शिकायतकर्ता को आर0टी0आई0 से सम्बन्धित आदेशों आदि पढ़ने के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार आर0टी0आई0 से सम्बन्धित आदेशों आदि पढ़ने के लिए पुस्तकालय की स्थापना करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | प्रशासनिक सुधार [01-शुक्रवार के अतारांकित प्र0सं0-94 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>07-09-2025 | 177-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।]<br>------ | |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>07-09-2025 | 178-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में शैक्षिक सत्र, 2025-26 में शिक्षा के अधिकार के तहत प्राइवेट स्कूलों में गरीब छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु कुल कितनी सीटें उपलब्ध हैं तथा वर्तमान सत्र में इन उपलब्ध सीटों के सापेक्ष शिक्षा के अधिकार के तहत कुल कितने सीटों पर प्रवेश लिया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | बेसिक शिक्षा-3 |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>07-09-2025 | 179-क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राइमरी विद्यालयों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में कितनी धनराशि आवंटित की गयी तथा इस आवंटित धनराशि को व्यय की जाने की तय समय-सीमा क्या है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्तमान में आवंटित धनराशि के सापेक्ष कितनी राशि जनपदवार व्यय की जा चुकी है एवं इस योजना के अन्तर्गत जनपदवार कितने प्राइमरी विद्यालयों में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा चुका है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बेसिक शिक्षा-5 |

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई 07-09-2025 | 180-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के मेधावी छात्र/छात्राओं को विदेश में स्कॉलरशिप के माध्यम से शिक्षा प्राप्त किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में कितनी धनराशि आवंटित की गयी है तथा वर्तमान में इस आवंटित राशि के सापेक्ष कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनपदवार मेधावी छात्र/छात्राओं द्वारा स्कॉलरशिप आवेदन के सापेक्ष कितनी धनराशि स्कॉलरशिप के माध्यम से प्रदान की गयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई 07-09-2025 | 181-क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत प्रत्येक घर में नल से पानी की आपूर्ति किये जाने की तय समय-सीमा क्या थी तथा वर्तमान में इस योजना के अन्तर्गत कितने प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है एवं उक्त योजना के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी 07-09-2025 | 182-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर में तहसील ना होने के कारण आम जनमानस को उनके कार्यों में परेशानी होती है ? क्या सरकार विकास खण्ड सताओं को तहसील बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी 07-09-2025 | 183-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर में जर्जर जिला पंचायत की रोड को सरकार बनवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान 07-09-2025 | 184-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद, ग्राम न्यायालय बिलारी में तहसील क्षेत्र बिलारी से सम्बन्धित थानों के आधे अधूरे मुकदमे पहुंचने से परिचित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में | न्याय-2 (अधीनस्थ न्यायालय) |

| | | |
|---|---|---|
| | तहसील क्षेत्र बिलारी से सम्बन्धित समस्त थाना क्षेत्रों से जुड़े ज़िला मुख्यालय मुरादाबाद स्थित अदालतों में विचाराधीन मुकदमे ग्राम न्यायालय बिलारी में स्थानान्तरित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 07-09-2025 | 185-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2021 से 2025 तक पुलिस कस्टडी में कितने (मासूम एवं नाबालिग तथा पूछताछ के लिए लाए गए बच्चों को) लोगों की मृत्यु का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-4 |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 07-09-2025 | 186-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-एम0एस0/98/2025/1771, दिनांक 23-06-2025 जो जनपद फिरोजाबाद में सी0एफ0ओ0 योजना के अन्तर्गत करोड़ों रुपये के दुरुपयोग की जांच विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु उद्योग [01-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-05 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| | ------ | |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा 07-09-2025 | 187-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-एम0एस0/98/2025/1703, दिनांक 18-04-2025 जो भूमि अधिनियम का उल्लंघन करते हुए खेती की जमीन को टुकड़े-टुकड़े कर बिक्री करने के सम्बन्ध में उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-9 |
| | ------ | |
| श्री अतुल प्रधान 07-09-2025 | 188-क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग में अशासकीय महाविद्यालयों में विगत दो वर्षों से स्थानान्तरण के लिये कितने आवेदन लम्बित हैं ? क्या सरकार उक्त आवेदनों का निस्तारण करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा-3 |
| | ------ | |
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी' 07-09-2025 | 189-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मुख्य मंत्री सहायता कोष से गम्भीर रोगों जैसे कैंसर, किडनी, हृदय रोग, लीवर एवं ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित मरीजों को आर्थिक सहायता विलम्ब से निर्गत होने के कारण निर्धन | मुख्य मंत्री कार्यालय-4 |

एवं असहाय रोगियों को समय पर उपचार प्राप्त नहीं हो पाता तथा अनेक मामलों में उनके जीवन पर भी संकट उत्पन्न हो जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त हेतु प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाने के लिए कोई ठोस कार्य योजना बनाकर गरीब मरीजों को समय से सहायता उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ?यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'<br>07-09-2025 | 190-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मुख्य मंत्री राहत कोष से गम्भीर रोगों जैसे कैंसर, किडनी, हृदय रोग, लीवर एवं ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित मरीजों को निजी अस्पतालों में अधिकतम रु0 2.50 लाख तथा सरकारी अस्पतालों में अधिकतम रु0 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि निजी अस्पतालों में उपचार का खर्च कई गुना अधिक होता है तथा जिस कारण रु0 2.50 लाख की सहायता राशि शीघ्र ही समाप्त हो जाती है और गरीब मरीजों का इलाज अधूरा रह जाता है ? क्या सरकार निजी अस्पतालों में गम्भीर रोगों के इलाज हेतु मुख्य मंत्री राहत कोष से भी सहायता राशि को रु0 5 लाख अथवा उससे अधिक करने पर विचार करगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री कार्यालय-4 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>07-09-2025 | 191-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से गोपालनगर तक जाने वाला पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग जर्जर व बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हो गया है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण<br>[02-बुधवार के अतारांकित प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित] |
| | ------ | |
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>08-09-2025 | 192-क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों को संसाधनों के लिए आय जुटाने हेतु अपने भौगोलिक क्षेत्र में कर लेने का अधिकार प्राप्त है ? यदि हाँ, तो किस एक्ट के तहत ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार उक्त के सम्बन्ध में शासनादेश जारी कर स्थिति स्पष्ट करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज-3 |

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>08-09-2025 | 193-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पुलिस सुधार हेतु राज्य पुलिस आयोग का गठन करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-10 |

------

| | | |
|---|---|---|
| ई0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>08-09-2025 | 194-क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में सरकार द्वारा मनरेगा के क्रियान्वयन हेतु वर्षवार कितनी धनराशि आवंटित की गयी तथा उक्त आवंटित धनराशि के सापेक्ष जनपदवार उक्त तीन वित्तीय वर्षों में कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>08-09-2025 | 195-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि श्रीमती किरन सिंह पत्नी स्व0 शमशेर सिंह, निवासी म0नं0-633, लखनपुर, विकास नगर थाना, नवाबगंज, जनपद कानपुर नगर के आई0जी0आर0एस0 सं0-40016425009511, जो कि कतिपय प्रकरण में विपक्षीगणों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने विषयक है, प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह(पुलिस)-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>19-11-2025 | 196-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ की तहसील मोहम्मदाबाद गोहना के ग्राम नोहरेपुर बकरी, पोस्ट पलिया में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल की स्थलीय पैमाइश की जांच रिपोर्ट/स्पाट मेमो अनुसार गाटा संख्या-105/0.005 हे0 जोकि चकमार्ग है तथा गाटा संख्या-125/0.310 हे0 में गाटा संख्या-104 के काश्तकार के द्वारा अवैध रूप से चहारदीवारी का निर्माण कर गाटा संख्या-105/0.005 हे0 के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है ? क्या सरकार उक्त चहारदीवारी के निर्माण को ध्वस्त कराकर व गाटा संख्या-105/0.005 हे0 कब्जामुक्त कराकर जनहित में चकरोड का निर्माण कार्य करायेगी ? क्या सरकार उक्त का सम्पूर्ण विवरण, कब्जामुक्त चकरोड का चित्र, साक्ष्य सहित सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व-2 |

श्री समरपाल सिंह
25-11-2025

उपभोक्ता मामले-3

197-क्या उपभोक्ता मामले मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम, खाद्य एवं रसद विभाग जनपद कुशीनगर में कार्यरत रहे अशोक कुमार सिंह का स्वर्गवास 19 अप्रैल, 2023 को हो गया, की लम्बित 27 माह की वेतन राशि लगभग रु0 12,00,000/- का भुगतान नहीं किया गया है ? उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त के बकाया वेतन का भुगतन करायेगी ? यदि

------

# नत्थी (ख)

## याचिकाओं का उपस्थापन

1-श्री मूलचन्द सिंह निरंजन, मा0 सदस्य, विधान सभा जनपद जालौन के तहसील माधोगढ़ के अन्तर्गत औरेखी, अमखेडा, सरावन, मंड़ोरा, हदरूख मार्ग के किमी0 15 में स्थित सरावन आबादी भाग में सी0सी0 कार्य एवं किमी0 16,17,18 में चौड़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष नायक व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित करेंगे।

